Seat No. : _______________

# MC-112(H)

**March-2025**

**B.Com., Sem.-V**

**CE-301 (A) : Cost and Financial Accounting**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. ‘S’ निर्माणी कंपनी लि. का उत्पादन तैयार माल के स्टॉक में अंतरित होने से पहले तीन प्रक्रियाओं से गुजरता हैं । निम्न जानकारियाँ उपलब्ध हैं :

प्रक्रिया-1 में ₹ 7.50 प्रति इकाई की दर से 20,000 इकाइयाँ डाली गईं । **14**

| विवरण | प्रक्रिया-1 | प्रक्रिया-2 | प्रक्रिया-3 |
|---|---|---|---|
| कच्चा माल जोड़ा (₹) | 1,30,000 | 99,000 | 1,69,500 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी (₹) | 1,12,500 | 1,75,000 | 2,50,000 |
| प्रत्यक्ष व्यय (₹) | 87,500 | 1,25,000 | 2,00,000 |
| सामान्य हानि (इनपुट का %) | 5% | 10% | 15% |
| सामान्य हानि का प्रति इकाई विक्रय मूल्य (₹) | 4 | 8 | 10 |
| वास्तविक उत्पादित इकाइयाँ | 23,750 | 21,000 | 18,750 |

उपरोक्त सूचनाओं से आपको प्रक्रिया खाते एवं असामान्य अपव्यय या लाभ खाते बनाने हैं ।

**अथवा**

1. सोदाहरण समझाइए : **14**

(1) संयुक्त उत्पाद एवं उपोत्पाद

(2) सामान्य एवं असामान्य हानि तथा असामान्य लाभ

2. सैम लि. उत्पाद A बनाती है जो पूर्ण एवं तैयार स्टॉक में अंतरित होने से पहले दो प्रक्रियाओं से गुजरता है । निम्न डेटा मार्च 2022 से संबंधित है : **14**

| **विवरण** | **प्रक्रिया-1 (₹)** | **प्रक्रिया-2 (₹)** | **तैयार स्टॉक (₹)** |
|---|---|---|---|
| आरम्भिक स्टॉक | 1,50,000 | 1,80,000 | 4,50,000 |
| प्रत्यक्ष सामग्री | 3,00,000 | 3,15,000 | – |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 2,24,000 | 2,25,000 | – |
| कारखाना उपरिव्यय | 2,10,000 | 90,000 | – |
| अंतिम स्टॉक | 74,000 | 90,000 | 2,25,000 |
| आरम्भिक स्टॉक में शामिल अंतर प्रक्रिया लाभ | – | 30,000 | 1,65,000 |

प्रक्रिया-1 का उत्पादन अंतरण मूल्य पर 25% लाभ के साथ प्रक्रिया-2 में अंतरित किया जाता है । प्रक्रिया-2 का उत्पादन अंतरण मूल्य पर 20% लाभ के साथ तैयार स्टॉक में अंतरित किया जाता है । प्रक्रिया में स्टॉक को प्राथमिक लागत पर मूल्यांकित किया जाता है । तैयार स्टॉक को प्रक्रिया–2 से प्राप्त मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है । इस अवधि के दौरान ₹ 38,00,000 का विक्रय हुआ ।

तैयार कीजिए : (1) प्रक्रिया खाते (2) तैयार स्टॉक खाता (3) कुल लाभ एवं अप्राप्त लाभ दर्शाता पत्रक

**अथवा**

2. हसमुख लि. ने मार्च 2024 के लिए प्रक्रिया-1 से संबंधित निम्न डेटा प्रस्तुत किया : **14**

(1) ₹ 5 प्रति इकाई पर 5000 इकाइयों का प्रक्रियाशील आरम्भिक स्टॉक

(2) प्रक्रियाशील आरम्भिक स्टॉक की पूर्णता कोटि :

सामग्री = 40%, मजदूरी = 50%, उपरिव्यय = 60%

(3) 50,000 इकाइयों के लिए कुल ₹ 1,51,250 की लागत पर सामग्री का निवेश (इनपुट)

(4) प्रत्यक्ष मजदूरी व्यय ₹ 1,82,000

(5) उत्पादन उपरिव्यय ₹ 88,500

(6) कबाड़ हुई इकाइयाँ 6250

(7) प्रक्रियाशील अंतिम स्टॉक (?) प्रक्रियाशील अंतिम स्टॉक की पूर्णता की कोटि :

सामग्री = 80%, मजदूरी = 60%, उपरिव्यय = 40%

(8) सामग्री, मजदूरी और उपरिव्यय के लिए असामान्य अपव्यय की पूर्णता कोटि 100% है ।

(9) 45,000 इकाइयाँ पूर्ण एवं अगली प्रक्रिया में अंतरित की गई ।

(10) सामान्य हानि कुल निवेशित इकाइयों का 10% है । (आरम्भिक स्टॉक + निवेशित इकाइयाँ) अपव्यय को ₹ 2 प्रति इकाई पर बेचा जाता है ।

तैयार कीजिए :

(1) समतुल्य उत्पादन का पत्रक (FIFO पद्धति द्वारा)

(2) लागत पत्रक

(3) मूल्यांकन पत्रक

(4) प्रक्रिया खाते

3. 'A' लि. और 'B' लि. 1 अप्रैल 2022 से/को समामेलित कर दिया गया । एक नई कंपनी 'C' को वर्तमान कंपनियों के व्यापार के अधीनीकरण के लिए बनाया गया । उस तारीख पर दोनों कंपनियों के तुलन–पत्र निम्न हैं : **14**

| **विवरण** | **नोट** | **A लि. (₹)** | **B लि. (₹)** |
|---|---|---|---|
| **(I) इक्विटी एवं दायित्व :** | | | |
| **(1) शेयरधारकों का कोष :** | | | |
| (a) शेयर पूँजी : ₹ 100 प्रत्येक की इक्विटी शेयर पूँजी | | 15,00,000 | 12,50,000 |
| ₹ 100 प्रत्येक की 10% प्रिफरेन्स शेयर पूँजी | | 5,00,000 | 3,75,000 |
| (b) रिज़र्व एवं अतिरेक : | | | |
| सामान्य रिजर्व | | 3,75,000 | 2,50,000 |
| निर्यात लाभ रिजर्व | | 1,25,000 | 75,000 |
| निवेश छूट रिजर्व | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| लाभ एवं हानि खाता | | 1,50,000 | 1,01,250 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(2) गैर–चालू दायित्व :** | | | |
| ₹ 100 प्रत्येक के 12% डिबेन्चर | | 1,25,000 | 87,500 |
| **(3) चालू दायित्व :** | | | |
| व्यापारिक देय : लेनदार | | 2,25,000 | 1,00,000 |
| देय–हुँडियाँ | | 37,500 | 25,000 |
| **कुल** | | **32,37,500** | **23,63,750** |
| **(II) परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| **(1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| (a) स्थिर परिसम्पत्तियाँ | | 20,00,000 | 12,50,000 |
| (b) गैर–चालू निवेश | | 5,00,000 | 2,50,000 |
| **(2) चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| (a) माल–सामग्री : स्टॉक | | 3,25,000 | 1,75,000 |
| (b) व्यापारिक प्राप्य : देनदार | | 2,50,000 | 3,75,000 |
| (c) रोकड़ एवं रोकड़ समकक्ष : रोकड़ एवं बैंक शेष | | 1,62,500 | 3,13,750 |
| **कुल** | | **32,37,500** | **23,63,750** |

A लि. ने निम्न आधार पर खरीदी की :

(1) A लि. और B लि. के 12% डिबेन्चरों के उन्मोचन के लिए C लि. के ₹ 100 प्रत्येक के 15% डिबेन्चरों को उतनी संख्या में जारी किया गया कि ब्याज की राशि समान बनी रहे ।

(2) दोनों कंपनियों के प्रिफरेन्स शेयरधारकों को ₹ 120 प्रति शेयर के मूल्य पर C लि. के ₹ 100 प्रत्येक के 15% प्रिफरेन्स शेयर समान संख्या में जारी किए गए ।

(3) C लि., A लि. के प्रति 3 इक्विटी शेयरों के बदले 4 इक्विटी शेयर और B लि. के प्रति 4 इक्विटी शेयरों के बदले 3 इक्विटी शेयर जारी करेगी । ₹ 100 प्रत्येक के दार्शनिक मूल्य के शेयरों को ₹ 110 प्रति शेयर के हिसाब से जारी किया जाएगा ।

(4) वैधानिक रिजर्व को 2 और वर्षों के लिए बनाए रखा जाएगा ।

आपको इन आधारों पर समामेलन के आधार पर समामेलन पश्चात् C लि. का तुलनपत्र तैयार करना ;

(a) समामेलन, विलय के स्वरूप में है । (b) समामेलन, खरीद के स्वरूप में है ।

**अथवा**

3. लेखा–शास्त्र मानक-14 के दृष्टिकोण से खरीद पद्धति एवं हित एकीकरण पद्धति के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए । **14**

4. 31/3/2022 को A लि. और P लि. के तुलन–पत्र निम्न हैं : **14**

| विवरण | नोट | A लि. (₹) | P लि. (₹) |
|---|---|---|---|
| **(I) इक्विटी एवं दायित्व :** | | | |
| **(1) शेयरधारकों का कोष :** | | | |
| (a) शेयर पूँजी : ₹ 100 प्रत्येक की इक्विटी शेयर पूँजी | | 17,50,000 | – |
| ₹ 100 प्रत्येक के इक्विटी शेयर, ₹ 50 प्रदत्त | | – | 12,50,000 |
| (b) रिजर्व एवं अतिरेक : | | | |
| सामान्य रिजर्व | | 2,25,000 | 2,50,000 |
| **(2)** गैर–चालू दायित्व **:** | | | |
| ₹ 100 प्रत्येक के 12% डिबेन्चर | | 7,50,000 | 5,00,000 |
| **(3) चालू दायित्व :** | | | |
| लेनदार | | 6,25,000 | 2,50,000 |
| देय हुँडी | | 1,50,000 | 1,20,000 |
| **कुल** | | **35,00,000** | **23,70,000** |
| **(II) परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| **(1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| (a) स्थिर परिसम्पत्तियाँ | | 24,00,000 | 13,75,000 |
| (b) गैर–चालू निवेश | | – | 2,75,000 |
| (बा.मू. ₹ 3,75,000) | | | |
| (c) अन्य गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ: | | | |
| प्राथमिक व्यय | | 1,25,000 | 70,000 |
| **(2) चालू परिसम्पत्तियाँ** | | 9,75,000 | 6,50,000 |
| **कुल** | | **35,00,000** | **23,70,000** |

1/4/2022 को A लि., P लि. को निम्न शर्तों पर समाहित करने के लिए सहमत हुई ;

(1) A लि. के किताबों में स्थिर परिसम्पत्तियों का मूल्य बाजार मूल्य से 20% कम दर्शाया गया है । जबकि P लि. की चालू परिसम्पत्तियों में ₹ 2,30,000 का स्टॉक शामिल है जो 15% अति मूल्यित है ।

(2) खरीद कीमत को पूर्ण करने के लिए P लि. के 10 इक्विटी शेयरों के बदले A लि. के 4 पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर उनके शेयरों के आंतरिक मूल्य के आधार पर जारी किये गये एवं शेष रकम का नकद भुगतान होगा ।

P लि. की किताबों में आवश्यक खाते बनाइए एवं A लि. की किताबों में आवश्यक प्रविष्टियाँ दर्ज कीजिए ।

**अथवा**

4. समाहित (समावेशन) करने के उद्‌देश्य की चर्चा कीजिए एवं सोदाहरण आंतरिक मूल्य का वर्णन कीजिए । **14**

5. सही विकल्प चुनिए : (कोई **सात**) **14**

(1) निम्न में से किसमें प्रक्रिया लागतन (कॉस्टिंग) लागू नहीं होता ?

(a) रबड़ उद्योग (b) निर्माण कार्य

(c) साबुन उद्योग (d) डेरी उत्पाद

(2) प्रथम प्रक्रिया की उत्पादन लागत ₹ 40,000 है, यदि अंतरण मूल्य पर 20% लाभ जोड़ा जाता है तो लाभ की राशि क्या होगी ?

(a) ₹ 10,000 (b) ₹ 8,000

(c) ₹ 16,000 (d) इनमें से कोई नहीं

(3) तैयार उत्पादन की अनुमानित लागत ज्ञात करने के लिए प्रक्रियाशील स्टॉक को लागत के प्रत्येक तत्त्व के लिए तैयार इकाइयों में परिवर्तित करना होगा ।

(a) सही (b) गलत

(c) अपूर्ण (d) कह नहीं सकते

(4) __________ में दोनों पुरानी कंपनियाँ नहीं रहेंगी ।

(a) आंतरिक पुनर्निर्माण (b) बाह्य पुनर्निर्माण

(c) समामेलन (d) समावेशन

(5) यदि समायोजन (समावेशन) के समय खरीद कीमत के रूप में दिए जाने वाले शेयरों का बाजार मूल्य नहीं दिया जाता है तो शेयरों का _________ निर्धारित किया जाना चाहिए ।

(a) दार्शनिक मूल्य (b) उचित मूल्य

(c) उपज मूल्य (d) आंतरिक मूल्य

(6) जब विलयन व्यय बेचने वाली कंपनी द्वारा वहन व भुगतान किया जाता है, तो इसे _________ में नामे किया जाता है ।

(a) वसूली खाता (b) बैंक खाता

(c) साख खाता (d) पूँजी रिजर्व खाता

(7) इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इंडिया ने लेखा–शास्त्र मानक-14 वर्ष __________में जारी किया था ।

(a) मार्च 1995 (b) अक्टूबर 1994

(c) मई 1996 (d) अप्रैल 1993

(8) निम्न में से कौन सी मद प्रक्रिया लागतन में महत्वपूर्ण नहीं है ?

(a) वृद्धिकरण (Escalation) (b) उपोत्पाद

(c) अंतर प्रक्रिया लाभ (d) असामान्य लाभ

(9) कोई भी प्रक्रिया खाते तैयार करते समय अंतरण मूल्य की गणना और स्टॉक में सम्मिलित अप्राप्त लाभ की गणना के लिए "तीन खानों वाली पद्धति" का उपयोग कर सकता है ।

(a) सही (b) गलत

(c) अपूर्ण (d) कह नहीं सकते

(10) यदि समामेलन __________ के रूप में है तो पुरानी कंपनी के सामान्य रिजर्व या लाभ एवं हानि खाते के शेष को तुलन–पत्र में नहीं दर्शाया जाएगा ।

(a) खरीद
(b) शुद्ध परिसम्पत्ति पद्धति
(c) समायोजन
(d) प्रतिफल पद्धति

(11) खरीद मूल्य की गणना करते समय परिसम्पत्तियों की निम्न कीमतों पर ध्यान दिया जाता है :

(a) पुस्तक कीमत
(b) नई कीमत
(c) औसत कीमत
(d) बाजार कीमत

(12) शुद्ध परिसम्पत्तियाँ / इक्विटी शेयरों की संख्या = __________.

(a) शेयर की दार्शनिक कीमत
(b) शेयर की आंतरिक कीमत
(c) शेयर की उपज कीमत
(d) शेयर की बाह्य कीमत